भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2377

10.12.2024 को उत्तर के लिए नियत

बीएचईएल के लिए भूमि

2377. **श्री आलोक शर्मा**:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भोपाल में उद्योगों की स्थापना के लिए भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को कुल कितनी भूमि प्रदान की गई है और तत्संबंधी प्रयोजन-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) वर्तमान में बीएचईएल, भोपाल की कुल भूमि में से उपयोग की गई भूमि का उद्देश्य और क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) खाली पड़ी भूमि से अतिक्रमण हटाकर उसे उपयोगी बनाने के लिए सरकार की क्या कार्य-योजना है;
(घ) क्या सरकार भविष्य में बीएचईएल, भोपाल की खाली पड़ी भूमि के संबंध में कोई योजना बनाने का विचार रखती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो उक्त खाली पड़ी भूमि को राज्य सरकार को किस प्रकार सौंपे जाने की संभावना है ताकि इसका उपयोग लोगों के लाभार्थ किया जा सके?

उत्तर

भारी उद्योग राज्यमंत्री

(**श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा**)

(क) और (ख) : भोपाल में भारी विद्युत उपकरण विनिर्माण संयंत्र की स्थापना के सार्वजनिक प्रयोजन के लिए पूर्ववर्ती हेवी इलेक्ट्रिकल्स (इंडिया) लिमिटेड के लिए कुल 6045.18 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया था, जिसे 1974 में बीएचईएल को हस्तांतरित कर दिया गया था। कुल भूमि में से, बीएचईएल ने नियमों की उचित प्रक्रिया का अनुसरण कर विभिन्न सार्वजनिक प्रयोजनों के लिए राज्य और केन्द्र सरकार को 1565.97 एकड़ भूमि हस्तांतरित की है। वर्तमान में, बीएचईएल के पास भोपाल में अपनी वर्तमान और भावी परियोजनाओं के लिए केवल 4479.21 एकड़ भूमि है।

बीएचईएल, भोपाल की भूमि के उपयोग का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	विवरण	क्षेत्र (एकड़ में)
1.	कुल फैक्ट्री/संयंत्र	580.76
2.	टाउनशिप/शहरी वानिकी और अन्य क्षेत्र	3898.45
	कुल	4479.21

(ग) : बीएचईएल, भोपाल में लगभग 216 एकड़ भूमि पर इस समय अनधिकृत अतिक्रमण किया गया है। अतिक्रमण हटाने के लिए बीएचईएल ने बार-बार इस मामले को राज्य प्राधिकारणों के समक्ष उठाया है। बीएचईएल ने पहले भी इसकी भूमि पर स्थित झुग्गियों के पुनर्स्थापन के लिए राज्य सरकार के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। समझौता ज्ञापन की शर्तों के अनुसार, बीएचईएल ने इस उद्देश्य के लिए राज्य प्राधिकरणों को 200 एकड़ भूमि हस्तांतरित की है।

(घ) : उत्पाद प्रोफाइल के विविधीकरण को ध्यान में रखते हुए, बीएचईएल के पास बीएचईएल, भोपाल में कोई अधिशेष भूमि नहीं है।

(ङ) : प्रश्न नहीं उठता।

*****